वर्ष- 02 , अंक- 06
छपरा
11 नवंबर सोमवार
2024
पृष्ठ - 04

# दैनिक खोजखबर

खबरों की सच्चाई से रू-ब-रू
E-mail : dainikkhojkhabar@gmail.com
E-Paper
website : www.dainikkhojkhabar.live

# रांची में नरेन्द्र मोदी के रोड शो में उमड़ा जनसैलाब





**रांची,एजेन्सी।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने झारखंड विधानसभा चुनाव के मद्देनजर रविवार शाम राजधानी रांची में मेगा रोड शो किया। इस दौरान मोदी की एक झलक पाने के लिए जनसैलाब उमड़ पड़ा। मोदी ने हाथ हिलाकर लोगों का अभिवादन किया। मोदी ने सवा तीन किलोमीटर लंबे रोड शो की शुरुआत रांची के ओटीसी ग्राउंड से की। उनका काफिला जैसे-जैसे ओटीसी ग्राउंड से पिस्का मोड़ और मेट्रो गली से होते हुए रातू रोड की तरफ बढ़ा, लोगों का उत्साह देखते ही बन रहा था। कई जगहों पर फूल की वर्षा की गई। अबकी बार-भाजपा सरकार के नारे भी लगे। रोड शो के दौरान मोदी हाथ में कमल का निशान लिए हुए थे और आम लोगों को चुनाव चिह्न दिखाते हुए मतदान की अपील भी कर रहे थे। रातू रोड चौराहे पर पहुंच कर मोदी का रोड शो समाप्त हुआ। रोड शो के दौरान मोदी के वाहन पर बारी-बारी से हटिया, रांची, खिजरी और कांके विधानसभा क्षेत्रों के भाजपा के प्रत्याशियों को भी जगह मिली।

रोड शो में भारी भीड़ जुटी और लोग मोदी की एक झलक पाने के लिए बेताब दिखे। मोदी खुले वाहन में सवार होकर मेगा रोड शो के लिए निकले थे। उनके साथ रांची से भाजपा प्रत्याशी सीपी सिंह, रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ समेत कई भाजपा नेता मौजूद थे। रोड शो के दौरान सड़क के दोनों ओर खड़े लोगों ने मोदी-मोदी के नारे भी लगाए और हाथ हिलाकर उनका स्वागत किया। मोदी के रोड शो के दौरान भाजपा समर्थक सड़क के दोनों ओर पार्टी का झंडा लेकर खड़े रहे। घरों की छतों पर भी खड़े होकर लोगों ने मोदी का अभिवादन किया। रोड शो समाप्त होने के बाद प्रधानमंत्री का काफिला रांची एयरपोर्ट की तरफ बढ़ गया।

## झारखंड में घुसपैठ रोकने के साथ रोजगार और महिला सुरक्षा के लिए भाजपा की सरकार जरूरी : नरेन्द्र मोदी



**गुमला (हि.स.)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को झारखंड के गुमला में चुनावी रैली को संबोधित करते हुए कहा कि झारखंड में घुसपैठ रोकने के लिए, युवाओं के रोजगार के लिए, झारखंड की पहचान बचाने के लिए और महिला सुरक्षा के लिए प्रदेश में भाजपा सरकार जरूरी है।

मोदी ने यूपीए 2004 से 2014 तक केंद्र में रही कांग्रेस नीत यूपीए सरकार का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि जब डॉ. मनमोहन सिंह देश के प्रधानमंत्री थे, तो सोनिया गांधी सरकार चलाती थीं। उन्होंने झारखंड को कुछ नहीं दिया। राज्य बनने का भी विरोध किया। कांग्रेस और उसके सहयोगी जम्मू-कश्मीर में आर्टिकल 370 वापस लाने के लिए विधानसभा में प्रस्ताव लाए। उनका ये सपना कभी पूरा नहीं होगा। हमनें 370 को जमीन में गाड़ दिया है। अब ये इसे कभी नहीं लागू कर पाएंगे।

मोदी ने कांग्रेस के जातिगत गणना करवाने के वादे पर कहा कि कांग्रेस सत्ता के लालच में छोटी-छोटी जातियों को बांटकर उन्हें आपस में लड़ाना चाहती है। इसलिए वे जातिगत जनगणना कराने की बात करते हैं। उन्होंने कहा कि झामुमो-कांग्रेस ओबीसी की जातियों को आपस में लड़ाना चाहती हैं। ये चाहते हैं कि ओबीसी की छोटी-छोटी जातियां खुद को ओबीसी मानना छोड़ दें और अपनी-अपनी जातियों में उलझे रहें। क्या आप चाहते हैं कि यहां का ओबीसी समाज टूट जाए? आपको मंजूर है? यदि टूट गए तो आपकी आवाज कमजोर होगी या नहीं? इसलिए हमें यह याद रखना है, एक रहेंगे तो सेफ रहेंगे।

### झारखंड में घुसपैठ को हेमंत सरकार दे रही बढ़वा

मोदी ने कहा कि झारखंड में घुसपैठ को कांग्रेस और जेएमएम की सरकार बढ़ावा दे रही है। यह खतरनाक है। यदि अपनी बेटियों को बचाना है तो यहां भाजपा को जिताइए। उन्होंने कहा कि हरियाणा की सरकार ने तुरंत बिना खर्ची, बिना पर्ची युवाओं को नौकरी देना शुरू कर दिया है। यहां की सरकार तो खर्ची का मतलब पैसा, पर्ची का मतलब पैरवी समझती हैं। हमारी सरकार आई तो हम यहां भी बिना खर्ची, बिना पर्ची कल्चर को लागू करेंगे। हरियाणा वाले इनके झांसे में नहीं आए। आप लोगों को भी नहीं आना है।

**बिजली बिल जीरो करने का भी हो रहा काम :** मोदी ने कहा कि बिजली बिल जीरो करने का काम हो रहा है। सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना देशभर में शुरू हो चुकी है। आप अपने घर में सोलर पैनल लगाएंगे। हर घर को 75 से 80 हजार रुपये का खर्च सोलर पैनल लगाने के लिए मिलेगा। अपने घर में ही 300 यूनिट बिजली का उत्पादन कीजिए। ज्यादा उत्पादन होने पर सरकार आपसे बिजली खरीदेगी।

## झारखंड के विकास में भाजपा सबसे बड़ा रोड़ा : हेमंत सोरेन



**रामगढ़ ।** बड़कागांव विधानसभा सीट से कांग्रेस उम्मीदवार अंबा प्रसाद की जीत सुनिश्चित करने के लिए हेमंत सोरेन खुद मैदान में उतरे हैं। रामगढ़ जिले के भुरकुंडा थाना मैदान में रविवार को उन्होंने चुनावी सभा की। इस दौरान उन्होंने भाजपा के खिलाफ जमकर आग उगला। उन्होंने कहा कि झारखंड के विकास की राह में सबसे बड़ा रोड़ा भाजपा है। जो एक मुख्यमंत्री को झूठे केस में जेल भेज सकती है, चुनी हुई सरकार को अस्थिर करने का साजिश रच सकती है, वैसे पार्टी की बातों पर क्या भरोसा। भाजपा जुमलेबाजों की पार्टी है। हेमंत सोरेन ने कहा कि भाजपा की साज़िश के खिलाफ झारखंड में इंडिया गठबंधन मजबूती से कायम रहा है। झामुमो, कांग्रेस और राजद ने गोलबंद होकर अपना कार्यकाल पूरा किया। उन्होने कहा कि पांच वर्षो तक राज्य की सरकार ने विकास के क्षेत्र में ऐतिहासिक काम किया है। मतदाता भाजपा को राज्य से बाहर का रास्ता दिखाने के लिए तैयार हो चुके है। उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार ने पंचायत स्तर तक जनता को मूलभूत सुविधा दिलाने के लिए अधिकारियों को चौपाल लगाया, जिसका लाभ जनता को मिला। हेमंत सोरेन ने भाजपा उम्मीदवार रोशन लाल चौधरी पर भी चुटकी ली है। उन्होंने कहा कि भाजपा ने एक बार फिर बाहरी उम्मीदवार को बड़कागांव भेजा है। जनता इसका जवाब 13 नवंबर को एवं में वोट डालकर भेज देगी। हेमंत सरेन ने कांग्रेस उम्मीदवार अंबा प्रसाद के पक्ष में वोट डालने की अपील की।

## डीआरडीओ जल्द करेगा एंटी-शिप बैलिस्टिक मिसाइल का परीक्षण, 1000 किमी होगी मारक क्षमता

**नई दिल्ली ,एजेन्सी।** भारत जल्द ही एक नई लंबी दूरी की एंटी-शिप बैलिस्टिक मिसाइल का परीक्षण करने की तैयारी कर रहा है। जो 1,000 किलोमीटर से अधिक दूरी तक युद्धपोतों या विमान वाहकों को मार गिराने में सक्षम होगी। रक्षा सूत्रों ने बताया कि रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) द्वारा अगले कुछ दिनों में इस बैलिस्टिक मिसाइल का परीक्षण किए जाने की उम्मीद है। सूत्रों ने बताया कि एंटी-शिप बैलिस्टिक मिसाइल को युद्धपोतों और जमीन दोनों से प्रक्षेपित किया जा सकेगा। यह मिसाइल प्रणाली भारतीय नौसेना के लिए विकसित की जा रही है और इससे उसे लंबी दूरी से दुश्मन के जहाजों को मार गिराने की क्षमता मिलेगी। बता दें कि, भारतीय सेना लगातार अपने आयुध भंडार में बैलिस्टिक मिसाइलों की संख्या बढ़ा रही है, भारतीय सेना और भारतीय वायु सेना दोनों ने प्रलय बैलिस्टिक मिसाइलों का ऑर्डर दिया है। तीनों सेनाओं में छोटी और मध्यम दूरी की मिसाइलों को शामिल करने के साथ ही इनकी संख्या भी बढ़ाई जाएगी। जिससे उन्हें लंबे समय तक चलने वाले संघर्षों को झेलने की क्षमता मिलेगी। हाल के दिनों में हुए युद्धों में बैलिस्टिक मिसाइलों का बड़े पैमाने पर उपयोग किया गया है।

## 5 बार के विधायक मतीन अहमद ने थामा एएपी का दामन

### दिल्ली में चुनाव से पहले कांग्रेस को दिया जोर का झटका

**नई दिल्ली ,एजेंसी।** कांग्रेस पार्टी को दिल्ली में तगड़ा झटका लगा है। पांच बार के विधायक मतीन अहमद ने कांग्रेस छोड़कर आम आदमी पार्टी का दामन थाम लिया है। दिल्ली में अगले साल होने वाले विधानसभा चुनाव से ठीक पहले उन्होंने कांग्रेस का हाथ छोड़ दिया। दिल्ली के पूर्व सीएम और आप संयोजक अरविंद केजरीवाल ने उन्हें पार्टी में शामिल कराया। अरविंद केजरीवाल ने एक्स पर पोस्ट करते हुए लिखा- यमुना पार क्षेत्र में चौधरी मतीन अहमद जनता के बीच रहकर उनकी सेवा करते आए हैं। चौधरी साहब का आम आदमी पार्टी परिवार में स्वागत है। दिल्ली में अगले साल विधानसभा के चुनाव हैं। ऐसे में कांग्रेस इन चुनावों में शानदार वापसी को लेकर लगातार कवायद में जुटी है। यही वजह है कि कांग्रेस नेता दिल्ली न्याय यात्रा निकाल रहे हैं।

## शाह बोले- उद्धव राम मंदिर के विरोधियों के साथ

### वे राहुल से सावरकर के लिए दो अच्छे शब्द बुलवाकर बताएं; खुद तय करें कहां बैठना है



**मुंबई,एजेन्सी।** गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को महाराष्ट्र के मुंबई, जलगांव, बुलढाणा और अमरावती में चुनावी सभाएं कीं। उन्होंने कहा कि महाविकास अघाड़ी (MVA) महाराष्ट्र में तुष्टिकरण की राजनीति कर रही है। जब तक हमारे एक भी सांसद-विधायक रहेंगे, हम धार्मिक आधार पर आरक्षण नहीं होने देंगे।

उन्होंने कहा कि MVA की सारी योजनाएं महाराष्ट्र की विचारधारा का अपमान करने वाली हैं। इन योजनाओं से पता चलता है कि स्ख्क्ष किसी भी तरह सत्ता पाना चाहती है, फिर चाहे उसे राज्य की संस्कृति से छल ही क्यों न करना पड़े।

शाह बोले- उद्धव ठाकरे राम मंदिर, सावरकर, 370 और CAA-UCC का विरोध करने वालों के साथ हैं। क्या वे राहुल गांधी और कांग्रेस के नेताओं से वीर सावरकर और बाला साहेब ठाकरे जी के लिए दो अच्छी बातें बुलवा सकते हैं? वे नहीं बोलेंगे। यह अघाड़ी गठबंधन आंतरिक विरोधाभासों से घिरा हुआ है। उद्धव जी को तय करना है कि वो कहां बैठेंगे।

## जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ में एनकाउंटर जारी, श्रीनगर में बंद हुआ

### 1 जवान शहीद, 3 घायल; सेना ने 10 दिन में 8 आतंकियों को मार गिराया



**श्रीनगर,एजेन्सी।** जम्मू-कश्मीर में गुरुवार (10 अगस्त) को सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच दो अलग-अलग जगहों पर एनकाउंटर हुआ। पहला एनकाउंटर श्रीनगर के जबरवान इलाके के जंगलों में सुबह 9 बजे शुरू हुआ था। सीआरपीएफ, जम्मू-कश्मीर पुलिस और आर्मी का आतंकियों के लिए सर्च ऑपरेशन चलाया जा रहा था।

इसी दौरान आतंकियों ने उनपर गोलियां चलाईं। सुरक्षाबलों ने भी आतंकियों पर जमकर गोलियां चलाईं। कई घंटों तक दोनों ओर से गोलीबारी जारी रही। बाद में आतंकी जंगल की आड़ में भागने में कामयाब रहे। यहां पर सुरक्षाबलों का सर्च ऑपरेशन बंद हो गया है।दूसरा ऑपरेशन किश्तवाड़ में केशवान के जंगलों में सुबह 11 बजे शुरू हुआ था। यहां 3-4 आतंकी मौजूद हैं। आतंकियों संग मुठभेड़ में 2 पैरा एसएफ के 4 जवान घायल हुए थे। बाद में जूनियर कमीशन ऑफिसर (JCO) राकेश कुमार शहीद हो गए। 3 जवानों का इलाज जारी है।

अधिकारियों ने बताया है कि ये आतंकी कश्मीर टाइगर्स ग्रुप के हैं। इन लोगों ने ही 7 नवंबर को 2 विलेज गार्ड की हत्या की थी। किश्तवाड़ का ऑपरेशन जारी है। आतंकियों की तलाश की जा रही है।

24 घंटों के 3 मुठभेड़, सोपोर में 3 आतंकी किए गए थे ढेर सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच पिछले 24 घंटों के अंदर यह तीसरी मुठभेड़ रही। सुरक्षाबलों ने नवंबर महीने के 10 दिन में 8 आतंकी मार गिराए हैं। सोपोर में 8 नवंबर को 2 और 9 नवंबर को एक आतंकी मार गिराया था। इन इलाकों में सुरक्षाबल हाई अलर्ट पर हैं।

## लालू यादव ने कहा-नरेंद्र मोदी नाम की कोई चीज नहीं

- कोडरमा में बोलें- भाजपा को उखाड़ फेंकना है, हमारी ताकत के सामने उसकी कोई औकात नहीं



**कोडरमा,एजेन्सी।** कोडरमा में राजद सुप्रीमो लालू यादव ने कहा कि नरेंद्र मोदी नाम का कोई चीज नहीं है। नरेंद्र मोदी क्या है। इस चुनाव में झारखंड से भाजपा को उखाड़ फेंकना है। रविवार को राजद सुप्रीमो कोडरमा से राजद प्रत्याशी सुभाष यादव के पक्ष में सभा को संबोधित कर रहे थे।

लालू ने कहा कि राजद हमारी ताकत है। हमारी ताकत के सामने भाजपा की कोई औकात नहीं है। उन्होंने कहा कि इंडिया गठबंधन के लोग पूरे देश में एकजुट हैं। आपका प्रत्याशी सुभाष यादव एक बहादुर आदमी है। काफी ठोंक कर आपके सामने भेजा है। इसलिए आप सभी अपना एक-एक वोट सुभाष यादव के लालटेन छाप पर बटन दबा कर उन्हें विजयी बनाएं।

**लालू की तरह की गरीबों की सेवा करूंगा :** राजद प्रत्याशी सुभाष यादव ने कहा कि जिस तरह हमारे नेता लालू यादव सामाजिक न्याय की लड़ाई लड़कर वंचितों, पिछड़ों और गरीब लोगों की आवाज बने हैं। मैं भी उसी तरह गरीबों की सेवा करूंगा। उन्होंने 13 नवंबर को राजद के चुनाव चिन्ह लालटेन पर मतदान करने की अपील की।

बिहार के विधायक मुन्ना यादव में कहा कि पुरुषोत्तम भगवान का नाम लेकर नफरत पैदा करते हैं। मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान राम ने अपने एक सौतेली मां की इच्छा को पूरा करने के लिए 14 साल के वनवास को झेला। जो आपके दुख-सुख में शामिल होता है, आपको लड़ने नहीं देता और आपसे मोहब्बत की बात करता है उसे चुनें।

अपने खराब स्वास्थ के बावजूद लालू यादव ने लगभग पांच मिनट तक भाषण दिया। भाषण के लिए उनके लिए कुर्सी रखी गई थी लेकिन उन्होंने खड़े होकर ही अपना भाषण दिया। उनके भाषण के दौरान कार्यकर्ताओं मे काफी उत्साह देखने को मिल रहा था।

## घाटी में नहीं गल रही पाकिस्तानी आतंकियों की दाल

## अब सोशल मीडिया पर कर रहे खेला, नई साजिश रच रहा पाकिस्तान

**श्रीनगर ,एजेंसी।** जम्मू-कश्मीर में अनुच्छेद 370 खत्म होने के बाद जिस तरह से माहौल बदला है उससे पाकिस्तानी आतंकवादी बेहद परेशान हैं। सुरक्षाबल जम्मू-कश्मीर में आतंकियों की सफाई का अभियान भी तेजी से चला रहे हैं। अब पाकिस्तान और पीओके के आतंकवादी सोशल मीडिया के जरिए भारत के खिलाफ साजिश रच रहे हैं। वे फेसबुक, एक्स और डार्क वेब पर आतंकियों और अलगाववादियों का गुणगान करते हैं और युवाओं को आतंकी बनने के लिए प्रेरित करते हैं। भारतीय सुरक्षा एजेंसियों ने इस बात पर भी गौर किया है कि सोशल मीडिया के जरिए आतंकियों की भर्ती के प्रयास हो रहे हैं। रिपोर्ट के मुताबिक एजेंसियों ने पता लगाय है कि पाकिस्तान और पीओके के आतंकी संगठनों के सोशल मीडिया अकाउंट पर तरह-तरह के पोस्ट करके लोगों को बरगलाने की कोशिश की जा रही है। करीब 2000 ऐसी पोस्ट का पता लगाया गया है। बीते एक महीने में ही 2000 पोस्ट पहचान में आई हैं। 2016 सोशल मीडिया पोस्ट में से 130 तो भारत विरोधी और आतंकवाद समर्थक पोस्ट हैं। 22 पोस्ट अलगाववादियों का गुणगान करने वाली, 310 पोस्ट ऐसी हैं जो कि सार्वजनिक स्थलों और इन्फ्रास्ट्रक्चर को तबाह करने वाली हैं। एक सीनियर अधिकारी ने कहा कि सोशल मीडिया के टूल का प्रयोग करके जम्मू-कश्मीर के युवाओं को बरगलाने और उन्हें आतंक के रास्ते पर लाने का काम किया जाता है। उन्होंने कहा कि हिजबुल आतंकी बुरहान वानी की मौत के बाद घाटी में आतंकी भर्तियों में काफी कमी आ गई थी। साल 2014 में केवल चार युवाओं के आतंकी संगठन में शामिल होने की जानकारी मिली। इनमें से दो शोपियां से और एक-एक श्रीनगर और त्राल से थे। वहीं 2023 में घाटी के 22 युवा आतंकियों के साथ हो गए थे। उससे पहले 2022 में यह संख्या 113 थी। एजेंसियों के मुताबिक इस समय जम्मू-कश्मीर में 30 स्थानीय आतंकी एक्टिव हैं और कम से कम 75 विदेशी आतंकी भी हैं। सोशल मीडिया के जरिए आतंकी संगठन जो अभियान चला रहे हैं वह गर्मियों की प्लानिंग है। वहीं सुरक्षा एजेंसियों का कहना है कि आतंकवाद के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति के चलते आतंकियों की भर्ती में कमी आई है। वहीं सुरक्षा व्यवस्था सख्त होने के चलते आतंकी संगठन युवाओं से सीधा नहीं जुड़ पा रहे है। ऐसे में वे सोशल मीडिया के जरिए हवा में तीर चला रहे हैं। हालांकि सुरक्षा एजेंसियों इस चीज से चिंतित हैं कि जम्मू-कश्मीर में नई सरकार बनने के बाद इस तरह से आतंकी संगठनों की सोशल मीडिया रीच क्यों बढ़ी है।

## कश्मीरी स्टूडेंट्स का आरोप-कर्नाटक के कॉलेज ने दाढ़ी कटवाने कहा

### प्रशासन बोला- क्लिनिकल एक्टिविटी के लिए स्वच्छता जरूरी



**बैंगलुरु,एजेन्सी।** कर्नाटक के होलेनरसीपुर में सरकारी नर्सिंग कॉलेज के कश्मीरी स्टूडेंट्स ने आरोप लगाया है कि कॉलेज प्रशासन ने उन्हें दाढ़ी कटवाने या क्लीन शेव करवाने को कहा है। आरोप लगाने वाले 14 छात्र प्रधानमंत्री स्पेशल स्कॉलरशिप स्कीम के तहत इस कॉलेज में पढ़ने आए हैं। मामला राजीव गांधी यूनिवर्सिटी से एफिलिएटेड हासन के होलेनरसीपुरा सरकारी नर्सिंग कॉलेज का है। कश्मीरी छात्रों का कहना है कि कॉलेज उन पर ऐसे भेदभाव भरे ट्रेनिंग स्टैंडर्ड लागू कर रहा है जो उनके सांस्कृतिक और धार्मिक अधिकारों का उल्लंघन करते हैं। छात्रों की शिकायत के बाद जम्मू-कश्मीर छात्र संघ (JKSA) ने मामले में दखल दिया। इसके बाद कॉलेज के डायरेक्टर डॉ. राजन्ना बी और प्रिंसिपल के निर्देश पर कश्मीरी छात्रों को दाढ़ी रखने की परमिशन दे दी गई है। कॉलेज प्रशासन बोला- किसी खास ग्रुप को निशाना नहीं बनाया विवाद बढ़ने के बाद मेडिकल कॉलेज प्रशासन ने इस मामले पर सफाई देते हुए कहा कि उसने छात्रों के किसी खास समूह को निशाना नहीं बनाया है। कॉलेज प्रशासन ने कहा, क्लिनिकल एक्टिविटी के लिए स्वच्छता की जरूरत होती है।

# अमनौर का बड़ पोखरा बना तैराकी प्रतियोगिता का बड़ा केंद्र

**दो दिवसीय प्रधानमंत्री युवा तैराकी प्रतियोगिता का रविवार को हुआ समापन, ग्रामीण तैराकी प्रतियोगिता का यह दूसरा साल, तीसरा साल होगा और भव्य- रुडी**





### सांसद पुत्री अतिशा प्रताप ने इवेंट का दोनों दिन किया सफल संचालन

### भोजपुरी गायिका अनुपमा यादव और निशा उपाध्याय ने प्रतिभागियों और दर्शकों का किया उत्साहवर्धन

### खेलो इंडिया के तहत सांसद रुडी कराते है प्रतियोगिता का आयोजन

### फ्री-स्टाइल, बैक स्ट्रोक, ब्रेस्ट स्ट्रोक और बटरफ्लाई विधा में 25 मीटर, 50 मीटर व 100 मीटर के कराए गए इवेंट

**दैनिक खोज खबर मढ़ौरा/अमनौर(सारण)।** जिला के अमनौर स्थित प्रसिद्ध पर्यटक स्थल, प्राचीन पोखरा सह अमृत सरोवर में आयोजित दो दिवसीय प्रधानमंत्री तैराकी प्रतियोगिता का रविवार को रंगारंग समापन रविवार को हुआ। सांसद राजीव प्रताप रूडी द्वारा आयोजित प्रतियोगिता में ग्रामीण तैराकों ने अपनी प्रतिभा का बखूबी प्रदर्शन किया। खिलाड़ी और खेल प्रेमियों की हौसला अफजाई के लिए मशहूर भोजपुरी गायक अनुपमा यादव, निशा उपाध्याय बतौर अतिथि शामिल हुई। भोजपूरी गायकों ने अपनी गायकी और गाने की बोल को गाकर सांसद के प्रयास की खूब सराहना की। तैराकी प्रतिभागियों को देखने के लिए हजारों की संख्या में लोग पहुंचें हुए थे। प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए स्थानीय सहित दूसरे जिला से भी युवा पहुंचे थे। खेल का उद्घाटन भाजपा सांसद सह राष्ट्रीय प्रवक्ता, पूर्व मंत्री राजीव प्रताप रूडी ने तैराकी प्रतियोगिता के शुभारम्भ सत्र में शनिवार के किया था। वहीं उनकी पुत्री अतिशा प्रताप ने इवेंट को दोनों दिन सफल संचालन किया। खेल प्रतियोगिता को फ्री-स्टाइल, बैक स्ट्रोक, ब्रेस्ट स्ट्रोक और बटरफ्लाई विधा में 25, 50 और 100 मीटर के इवेंट कराए गए।प्रतियोगिता के आयोजन हेतु भारतीय खेल प्राधिकरण से तैराकी कोच राकेश कुमार और लाईफ गार्ड के लिए अशिम नाथ बुलाये गए थे।

**पटना के सुशांत कुमार ने ब्रेक किया राष्ट्रीय रिकार्ड:** अमनौर में आयोजित प्रधानमंत्री युवा ग्रामीण तैराकी प्रतियोगिता में पटना के सुशांत कुमार ने 50 मीटर की तैराकी को 28 सेकेंड के समय में निकाला। जो रिकॉर्ड राष्ट्रीय रिकॉर्ड 29 सेकेंड से भी कम समय में पूरा किया गया हैं। इसको लेकर सारण सांसद रूडी ने कहा इस प्रतियोगिता से चार तैराक का चयन किया जाएगा। सांसद ने इन्हे दिल्ली के ताल कटोरा स्टेडियम मे तैराकी प्रशिक्षण के लिए भेजने की बात कही। वहीं सुशांत कुमार के ऑफ रिकॉर्ड राष्ट्रीय उपलब्धि को ब्रेक करने पर सांसद रूडी ने कहा कि इस तैराक को सारण गोद लेगा और इसे सभी प्रशिक्षण उपलब्ध कराया जाएगा।

**सुरक्षा का था पुख्ता इंतजाम :** प्रधानमंत्री तैराकी प्रतियोगिता में प्रतिभागियों की सुरक्षा के लिए 2 एसडीआरएफ मोटर वोट के साथ 6 जवानों को प्रतिनियुक्त किया गया था। एक बार मे दस प्रतिभागी भाग ले रहे थे। समन्वयक के सीटी बजते ही खिलाड़ी पानी में प्रवेश कर जाते है। एक दूसरे के पराजित करने के लिए दम खम के साथ तैराक तैर रहे थे। इधर दर्शक अपने चहेते खिलाड़ियों को शोर मचाकर हौसला अफजाई कर रहे थे। प्रतियोगिता के संदर्भ में सांसद रुडी ने कहा कि खेल प्रतियोगिताओं के आयोजन और उनके बीच प्रतिभागिता का आयोजन हमारी सांस्कृतिक पहचान है। इसी भारतीय विरासत को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में खेलों इण्डिया अभियान के अन्तर्गत नयी पहचान मिली है। जन सामान्य में खेलों के प्रति अभिरुचि जगाने और जन-जन को स्वस्थ, सबल और सक्षम बनाने के लिए डबल इंजन की सरकार विशेष रूप से प्रयासरत है। इसी कड़ी में सारण में तैराकी की राज्यस्तरीय प्रतियोगिता आयोजित की जाती है।

**तैराकी बाढ़ जैसी आपदा में है प्राणरक्षक :** तैराकी केवल खेल ही नहीं, बाढ़ जैसी आपदा के समय प्राणरक्षक भी साबित होती है। खेलो इंडिया के तत्वधान सांसद राजीव प्रताप रुडी हर वर्ष प्रतियोगिता का आयोजन करते है। विजेता प्रभिागियों को नकद पुरस्कार के साथ अन्य पुरस्कार भी दिये जाते है। प्रतियोगिता में सांसद राजीव प्रताप रूडी ने खिलाड़ियों को हौसला अफजाई करते हुए कहा कि यह जो आयोजन है यह अपने आप में एक अनोखा प्रयास है। यह आज तक शहरी क्षेत्र में स्विमिंग पुल में होता है। ग्रामीण तैराकी प्रतियोगिता हमारे देश के नौजवान छात्रों के हुनर को प्रदर्शित करता है। यह अभियान खेलो इंडिया के तत्वधान में देश के प्रधानमंत्री का बड़ा अभियान है जो नौजवानों का नया रास्ता दिखाने के लिए है।

#### ये लोग थे उपस्थित :

इस मौके पर अमनौर भाजपा विधायक कृष्ण कुमार सिंह उर्फ मंटू सिंह, भाजपा नेता राकेश सिंह, नीलम प्रताप रूडी, विधायक सीएन गुप्ता, पूर्व जिला परिषद की अध्यक्ष वर्तमान सदस्य मीणा अरुण, भाजपा जिला अध्यक्ष रणजीत सिंह, शैलेन्द्र सेंगर, मनोज कुमार सिंह, राकेश कुमार सिंह, धर्मेंद्र साह, राहुल राज, ब्रज कुमार सिंह, शंभू प्रसाद सिंह, नागेन्द्र राय, अरुण सिंह, श्यामनंदन सिंह विद्रोही, राहुल सिंह, कामेश्वर ओझा, निरंजन शर्मा, आदित्य सिंह, अनिल सिंह, अनिल शर्मा, बलबीर सिंह समेत सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद थे।

प्रतियोगिता उपरांत चयनित सभी उत्कृष्ट प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र, प्रोत्साहन राशि का चेक और मेमोंटो देकर सम्मानित किया गया।

#### कटेगरी ए-

1 सुशांत कुमार
2 धीरज कुमार निषाद
3 विवेक कुमार
कटेगरी बी-
1 सनी कुमार
2 सोनू कुमार
3 रोहित कुमार

#### कटेगरी सी-

1रोहीत कुमार सिंह
2श्रवण कुमार
3भूषण कुमार

#### कटेगरी डी-

1मृत्युंजय कुमार
2जितेन्द्र कुमार
3अनिल कुमार

#### बालिका ग्रुप :

1सुमंती कुमारी
2मुस्कान कुमारी
2शामो प्रवीण

#### दिव्यांग ग्रुप-

1दीपक कुमार
2राकेश कुमार
3अमरजीत कुमार सहनी

## कलश यात्रा के साथ श्रीराम जानकी हनुमत महायज्ञ प्रारंभ



**दैनिक खोज खबर/ रसूलपुर( एकमा)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के असहनी गांव स्थित ''सदाशिव मंदिर'' के प्रांगण में आयोजित नौ दिवसीय ''श्रीराम जानकी हनुमत महायज्ञ'' कहां रविवार कच कलश यात्रा के साथ प्रारंभ हुआ।सैकड़ों की संख्या में कलश यात्रा में शामिल श्रद्धालु सारण के प्रसिद्ध धार्मिक स्थल बाबा महेंद्रनाथ स्थित कमलदाह सरोवर से जलभरी कर जय शिव व जय श्रीराम का नारा लगाते सदाशिव मंदिर के प्रांगण स्थित यज्ञ स्थल में पहुंचे जहां यज्ञाचार्य पंडित लक्ष्मीनिधि मिश्रा के सान्निध्य में वैदिक मंत्रोच्चारणो के बीच महायज्ञ का शुरुआत हुआ।महायज्ञ के दौरान सुप्रसिद्ध प्रवचन कर्ता चंद्रभान दुबे उर्फ केन बाबा प्रवचन के माध्यम से अमृतवर्षा करेंगे।कलश यात्रा को शांतिपूर्ण सफल बनाने में सच्चिदानंद पाण्डेय,अरुण दुबे राहुल दुबे, संदीप तिवारी, सिद्धेश्वर पाण्डेय शिक्षक यज्ञ यजमान पंकज पाण्डेय एवं अर्चना पाण्डेय विकाश सिंह राठौर मिठू पाण्डेय रितेश तिवारी पंकज तिवारी एवं मंदिर पुजारी नागा बाबा गजाधर सिंह उज्जवल दुबे अखिलेश्वर पाण्डेय काशीनाथ यादव सत्यनारायण यादव श्री कृष्णा पाण्डेय शिक्षक इत्यादि गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

# अक्षय नवमी तिथि पर्व पर महिलाओ ने भगवान विष्णु व माता लक्ष्मी की पूजा अर्चना

## *वर्तधारी महिला ने आंवला के नीचे बैठकर भोजन बनाकर किया प्रसाद ग्रहण*

**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** सनातन धर्म में कई सारे व्रत त्योहार पड़ते हैं और सभी का अपना महत्व भी होता है लेकिन कार्तिक माह के शुक्ल पक्ष के नवमी तिथि को अक्षय नवमी को खास माना गया है। इस दिन भगवान विष्णु की विधिवत पूजा अर्चना कर आंवले के पेड़ के नीचे भोजन बनाकर ग्रहण किया जाता है। रविवार के शुभ मुहूर्त मे महिलाओ ने आंवला बृक्ष के नीचे बैठकर पवित्रता के साथ खिचड़ी बनाकर भगवान विष्णु व माता लक्ष्मी के पीला बस्त्र, पीला बस्त्र, केला अन्य पीला बस्तु के अर्पण कर आंवला बृक्ष के पूजा अर्चना कर प्रसाद अर्पण कर आंवला वृक्ष में 108 बार फेरी लगाकर मौली सूत्र को बांधकर महिलाएं अक्षय सुहाग का वरदान मांगी है। पुनः सभी महिलाओ ने अपने परिवार के सदस्यों के साथ भगवान के किए गए तुलसी पत्र व प्रसाद ग्रहण कर ईश्वर से घर मे सुख शांति सदा स्वास्थ सुखमय रहे की आरजू की। पूजा उपरांत सभी महिला, पुरुष ने पंडितो को दान दक्षिणा कर गरीबो,भीखमंगो को आंवला,सतनजा अनाज,पीले बस्त्र,पैसे दिए। पंडितो ने बताया कि आज का किया हुआ दान का क्षय नहीं होता है वह अक्षय रहता है। अक्षय नवमी की पूजा करने से सुखी वैवाहिक जीवन का आशीर्वाद मिलता है और दांपत्य जीवन की परेशानियां दूर हो जाती है।आंवला वृक्ष के नीचे खिचड़ी बनाकर खाने से तन, मन, स्वस्थ और शरीर निरोग होता है।इतना ही नहीं मनुष्य के जीवन में आंवला अमृत है। आंवला के नित्य उपयोग करने से शरीर निरोग रहता है। पाचन क्रिया मजबूत होती है। कब्ज की शिकायत नहीं मिलती आंवला में भरपूर कैल्शियम होने से वह शरीर की हड्डी को मजबूत करता है जोड़ों का दर्द नहीं होता । आज के दिन वाला वृक्ष के नीचे भोजन प्रसाद ग्रहण करने से शरीर निरोगी रहता है।



# धार्मिक, आध्यात्मिक, सांस्कृतिक एवं ऐतिहासिक महत्व के अलवा गौरवशाली भी है सोनपुर मेला



**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** विश्व प्रसिद्ध हरिहर क्षेत्र सोनपुर मेला एशिया का सबसे बड़ा पशु मेला के रूप मे जाना जाता है लेकिन अब पशुओं के आगमन पर कानूनी प्रक्रिया जटिल होने के कारण बहुत कम मात्रा मे पशु आते है। मेले से तो हाथी व विभिन्न प्रजाति के चिड़िया के बिक्री पर पावन्दी लगाने के कारण अब मेला मे दोनों चीज देखने को भले ही नहीं मिले लेकिन इस मेले का धार्मिक आध्यात्मिक और सांस्कृतिक महत्व भी काफी गौरवशाली है। इस मेले में कार्तिक पूर्णमा के अवसर पर पहलेजाघाट दक्षिण वाहनी गंगा एंव सोनपुर नरायणी नदी मे पवित्र स्नान करने के लिए लगभग 8 से 10 लाख श्रद्धालुओं के पहुंचने का अनुमान है। 32 दिनों तक चलने वाली सोनपुर मेला 13 नवंबर से सरकारी स्तर पर शुरू होकर 14 दिसंबर तक रहेगा। इस मेले को देखने व धार्मिक स्थलों को भर्मण करते हुए देवी देवताओं के दर्शन करने के लिए देश के विभिन्न प्रदेशो के साथ साथ विदेशी श्रद्धालु भी अधिक संख्या मे आते है। स्थानीय कुछ लोगो का अनुमान है कि इस वर्ष करीब 20 लाख से अधिक लोग इस मेले में भाग लेंगे। शासन प्रशासन ने इस धार्मिक अध्यात्मिक और ऐतिहासिक आयोजन के लिए आवश्यक तैयारियां पहले से ही शुरू कर दिया है, जिसे अंतिम रूप दिया जा रहा है। श्रद्धालुओ के स्नान के लिए नदियों मे बेरीकेटिंग,घाटो पर साफ-सफाई और लाईट की ब्यवस्था के साथ साथ अस्थाई शौचालय और चेंजिंग रूम के अलवा सुरक्षा को लेकर जगह जगह महिला व पुरुष पुलिस बलो को तैनात की भी ब्यवस्था किया गया है लेकिन यह भीड़ के हिसाब से कम है।लोक सेवा आश्रम के संत मौनी बाबा ने कहाँ कि मेले मे हर साल साधु-संत के लिए अलग से कोई ब्यवस्था नही किया जाता है जिसके कारण साधु संतो मे नराजगी है। मेला आने वालो बड़ी संख्या मे श्रद्धालु गंगा और गंडक मे स्नान कर विधि-विधान के साथ बाबा हरिहरनाथ मंदिर मे पूजा अर्चना और जलाभिषेक करते हैइसके अलावे श्रद्धालु महावीर मंदिर,राधा-कृष्ण मंदिर,लोक सेवा आश्रम परिसर स्थित सूर्य मंदिर और शनिदेव मंदिर,गौड़ी शंकर मंदिर, गजेन्द्र मोक्ष देवस्थानम दिव्य देश सहित कई अन्य मंदिर मे भी पूजा अर्चना करते है। हरिहरनाथ मंदिर के मुख्य अर्चक आचार्य सुशील चंद्र शास्त्री एवं पुजारी पवन शास्त्री कहते है कि ऐसी मान्यता है कि कार्तिक माह मे गंगा व गंडक मे स्नान करने से मोक्ष की प्राप्ति होता है।

यह मेला धार्मिक और सामाजिक दृष्टिकोण को स्पष्ट करती है और दिखाती है कि हरिहर क्षेत्र सोनपुर मेला सिर्फ एक मेला ही नहीं वल्कि धार्मिक आयोजन के साथ एक सामाजिक और सांस्कृतिक परंपरा भी है। यह मेला भारतीय संस्कृति और धार्मिकता का एक अभिन्न हिस्सा है, जो न केवल देश के भीतर, बल्कि विदेशों में भी अपने आध्यात्मिक और सांस्कृतिक महत्व के लिए प्रसिद्ध है। इस मेले में लाखों लोग एकत्र होते हैं, जो आत्मिक शुद्धता की प्राप्ति के लिए गंगा नदी में स्नान करते हैं। यह मेला भारत की समृद्ध धार्मिक परंपराओं, विश्वासों और सांस्कृतिक धरोहर का प्रतीक है।

## पूर्व के विवाद में किशोर को मारपीट कर किया जख्मी

**मढ़ौरा(सारण)।** गौरा ओपी के सलिमापुर में पूर्व के विवाद को लेकर एक युवक को मारपीट कर बुरी तरह से जख्मी कर दिया। जख्मी युवक को रेफरल अस्पताल मढ़ौरा लाया गया, जहां से उसे बेहतर इलाज के लिए छपरा रेफर कर दिया गया है। घटना को लेकर सलिमापुर शेख टोली निवासी एहसान अली का पुत्र 15 वर्षीय नेहाल अली ने अपना फर्द बयान दर्ज कराया है। दर्ज बयान में सलिमापुर निवासी अमन सिंह, सिंटू सिंह, प्रिंस कुमार सहित सात लोगों को आरोपित किया है। प्राथमिकी में कहा है कि वह गौरा बाजार से रविवार को देर शाम पैदल अपने घर जा रहा था। तभी सलिमापुर टावर के पास सभी आरोपियों ने उसे घेर लिया और मारपीट किया। मारपीट में उसका सिर बुरी तरह से जख्मी हो गया। उसके चिल्लाने पर राहगीरों ने उसकी जान बचाई।

# एकमा में अज्ञात अपराधियों ने कपड़ा व्यवसायी को मारी गोली, दो लाख नकदी लूटी

### एक बाइक पर सवार तीन हथियार बंद अपराधियों ने दिया लूट की वारदात को अंजाम

### अज्ञात विरुद्ध केस दर्ज, एकमा थाने की पुलिस जांच-पड़ताल व छापेमारी में जुटी

**दैनिक खोज खबर/एकमा (सारण)।** जिले के एकमा थाना क्षेत्र में एकमा-बनपुरा-मशरक सड़क पर एकमा व परसागढ़ के मध्य स्थित एक पेट्रोल पंप के समीप एक बाइक पर सवार तीन अज्ञात हथियारबंद अपराधियों ने एक कपड़ा व्यवसायी की स्कॉर्पियो वाहन पर अंधाधुन तीन फायरिंग कर दी।

जिसमें से एक गोली व्यवसायी की बांए बांह में लगने से जख्मी हो गया। वहीं इस दौरान क्षेत्र के कुछ व्यापारियों से बकाया राशि की तगादा वसूली की लगभग दो लाख रुपए व ड्राइवर का मोबाइल फोन लूट कर मौके से हुस्सेपुर गांव की तरफ बाइक सवार तीनों अपराधी फरार हो गए। वारदात के बाद आसपास के लोगों एवं पुलिस की मदद से उपचार के लिए तत्काल एकमा स्थित पटना नर्सिंग होम में भर्ती कराया गया। जहां ऑपरेशन करके व्यवसायी की बांह से डॉ एस कुमार के द्वारा एक गोली को बाहर निकल गया। गोली लगने से घायल एवं लूट के शिकार कपड़ा व्यवसायी की पहचान परसागढ़ बाजार निवासी श्याम किशोर रस्तोगी (39) पुत्र उमाशंकर रस्तोगी के रुप में की गई है।पीड़ित व्यवसायी ने बताया कि शनिवार की शाम लगभग 7:30 बजे वह व्यापारियों से बकाया राशि की वसूली कर एकमा बाजार की तरफ से परसागढ़ अपनी स्कॉर्पियो वाहन से ड्राइवर देवढ़िया गांव निवासी विपिन यादव के साथ लौट रहे थे। तभी परसागढ़ सड़क पर स्थित एक पेट्रोल पंप के पास उनकी गाड़ी के आगे एक हल्की चौपहिया वाहन के आ जाने से गाड़ी की गति धीमी करनी पड़ी। इस बीच उनकी गाड़ी का एकमा की तरफ से पिछा करते हुए एक बाइक पर सवार 3 अपराधी उनकी गाड़ी के पास आकर अंधाधुंध गोलियां चलाने लगे। पीड़ित के अनुसार दो गोलियां गाड़ी को छेद कर अंदर चली गई। जबकि सीने की तरफ आ रही एक गोली को रोकने के प्रयास में हाथ ऊपर करने पर बाएं हाथ में लग कर फंस गई। जिसके चलते वह जख्मी व लूट का शिकार हो गया।

इस बीच पुलिस निरीक्षक सह एकमा थानाध्यक्ष उदय कुमार ने निजी अस्पताल पहुंचकर घायल व्यवसायी का बयान लिए। मामले में अज्ञात अपराधियों के विरुद्ध केस दर्ज कर अपराधियों की गिरफ्तारी व लूट की रकम की बरामदगी हेतु जांच-पड़ताल व छापेमारी में थानाध्यक्ष उदय कुमार पुलिस टीम के साथ जुट गए हैं। पुलिस ने दावा किया है कि घटना का उद्भेदन शीघ्र कर लिया जाएगा।

**एक सेक्शन पुलिस बल की पुनः तैनाती की मांग:** परसागढ़ बाजार व्यावसायिक दृष्टिकोण से काफी महत्वपूर्ण स्थान रखता है।

कपड़े व बर्तन आदि के थोक व्यवसाय काफी बड़े स्तर पर इस बाजार में होता रहता है। बावजूद इसके व्यापारियों की समुचित सुरक्षा व्यवस्था नहीं है। क्षेत्र के व्यापारियों व भाजपा नेता अखिलेश्वर प्रसाद भोला जी व योगेश तिवारी का कहना है कि परसागढ़ मठिया के पास एक सेक्शन पहले पुलिस बल की तैनाती क्षेत्र सुरक्षा व्यवस्था को ध्यान में रखकर की गई थी। जो कुछ समय से हटा लिया गया है। व्यापारियों की सुरक्षा व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए उक्त पुलिस बल की तैनाती को पुनः बहाल कराए जाने की आवश्यकता महसूस करते हुए मांग की गई है।

# मशरक में एन एच 227 ए और एस एच 90 व 73 की सड़कों पर लगातार बढ़ रहे अतिक्रमण से जाम की समस्या

**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** मशरक बाजार को तीन हाइवे सिवान शीतलपुर एसएच-73 व छपरा मशरक एस एच 90 और एन एच 227 ए राम जानकी पथ क्रॉस करती है। तीनों हाइवे मशरक बाजार स्थित महाराणा प्रताप चौंक और महावीर चौक पर मिलती है। तीनों हाइवे से हर रोज हजारों की संख्या में छोटे बड़े वाहन गुजरते हैं। वही तीनों हाईवे पर गाड़ियों का काफी दबाव होने के कारण जाम लगना स्वभाविक है। लेकिन इस महाजाम का मुख्य कारण सड़क किनारे लगी फुटपाथी दुकाने, अतिक्रमण, सड़क के किनारे वाहनों का पार्किंग तथा सड़क पर बनी बस स्टैंड है जो कहीं से नियमानुकुल नहीं है। वहीं लोग यातायात के नियमों को भुलाकर यत्र तत्र गाड़ियां लगा कर खरीदारी करने लगते हैं। जिस पर पुलिस प्रशासन को कारवाई करनी चाहिए। जबकि थाना पुलिस को ऑनलाइन फाइन करने के लिए मशीन मिली है। वहीं दुकानदार सड़क किनारे बने सोलिग और नाले को पूरी तरह अतिक्रमण कर रखे हैं, ठेला और खोमचा वाले अपनी दुकान तो सड़क पर ही सजाये बैठते हैं। ऑटो वालों का तो जवाब ही नहीं है साहब। उन्हें लाख मना कीजिये लेकिन वे तो अपना ऑटो सड़क पर ही लगाएंगे। जदयू प्रखंड अध्यक्ष रामाधार सिंह ने कहा कि हनुमानगंज से लखनपुर तक सड़कों पर अतिक्रमण का दायरा बढ़ता ही जा रहा है वहीं नगर पंचायत की प्रमुख सड़कों पर कब्जे से चौड़ी सड़क पतली हो गयी है। सारी समस्या का समाधान अतिक्रमण हटाने से हो जाएगा। वहीं शुभ नारायण सिंह ने बताया कि अतिक्रमण का सबसे बुरा हाल स्टेशन रोड और महाराणा प्रताप से महावीर चौंक से थाना चौंक और बंगरा व डुमरसन बाजार का है। इस रोड के दोनों ओर अतिक्रमण के कारण चौड़ी यह सड़क गली बन गयी है। वाहन तो दूर पैदल चलने में भी दिक्कत है। शिव कुमार यादव और अशोक यादव अजनबी ने कहा कि अतिक्रमण हटाओ अभियान प्रत्येक महीने चलनी चाहिए और नगर पंचायत प्रशासन अतिक्रमण करने वाले पर जुर्माना लगाए। पुलिस को चाहिए कि सड़क किनारे बाजार क्षेत्र में लगें वाहनों पर जुर्माना भी लगाएं।



## सिंगही में तीन दिवसीय नाट्य महोत्सव का शुभारंभ

### गीत, संगीत , नाटक जैसे कई तरह की प्रस्तुति एक साथ देखने को मिली

**दैनिक खोज खबर/डोरीगज(सारण)।** राघव सेवा संस्थान सिंगही के बैनर तले शनिवार को तीन दिवसीय नाट्य महोत्सव का शुभारंभ हुआ। गरखा विधायक सुरेंद्र राम , जिला परिषद अध्यक्ष जयमित्रा देवी एवं लोजपा महासचिव बिहार प्रदेश राजनंदनी कुमारी तथा लोचन राय समाजसेवी ने दीप जलाकर कार्यक्रम का उद्घाटन किया ।इस अवसर पर त्रिस्तरीय पंचायत प्रतिनिधि बड़ी संख्या में मौजूद रहे । अध्यक्षीय संबोधन अखिल तिवारी ने प्रस्तुत किया, सचिव का प्रतिवेदन संजय कुमार (शिक्षक) ने रखा ,तत्पश्चात राजेंद्र प्रसाद राय के निर्देशन में खून का रिश्ता नाटक का मंचन किया गया । ठाकुर की भूमिका में हरिहर प्रसाद तो राजू एवं सूरज की भूमिका में शिवनाथ प्रसाद एवं अजय कुमार यादव ने अपने अभिनय का लोहा मनवाया ।जॉन नरसिंह मांझी ,इंस्पेक्टर मनोज सोभनाथ पासवान, किशोरी नागेंद्र शर्मा एवं उत्तम की भूमिका में छोटू कुमार ने बेहतरीन अभिनय किया।संग्राम जयप्रकाश यादव, दलजीत शंभू माझी तो नीरा एवं चंदा की भूमिका में रवि पटेल एवं अनिल कुमार नेड दर्शकों की वाहवाही लूटी। शाका नागेंद्रब राय यमराज दिलीप राय , वीरेन्द्र साह (मुखिया),के साथ साथ राहुल कुमार,विकास कुमार ,गुड्डू कुमार ,प्रदीप कुमार ,बीरबल राय सहित कई कलाकारों के अभिनय सराहनीय रहे।

## अक्षय नवमी पर युवा ब्राह्मण चेतना मंच ने विभिन्न मंदिरों में आंवला पूजन का किया आयोजन

**दैनिक खोज खबर/छपरा।** अक्षय नवमी पर छपरा शहर के महर्षी दधिचि आश्रम उमानाथ मंदिर परिसर दहियांवा,बाबा बटुकेश्वर नाथ पंच मंदिर दौलतगंज, बहुरिया कुलपति कुंवर मंदिर कटरा बाजार सहित विभिन्न मंदिरों में आंवला वृक्ष पूजन में बड़ी संख्या में महिलाओं ने भाग लिया। आचार्य गणेश दत्त मिश्रा एवं आचार्य ध्रुव कुमार मिश्रा उर्फ मुन्ना बाबा ने कथा वाचन कर अक्षय तिथि आंवला के महत्व को बताया । आज का किया हुआ दान का क्षय नहीं होता है वह अक्षय रहता है। आंवला वृक्ष में 108 बार फेरी लगाकर मौली सूत्र को बांधकर महिलाएं अक्षय सुहाग का वरदान पाती है । सभी महिलाएं ने आंवला वृक्ष के नीचे दान किया एवं प्रसाद ग्रहण किया । इस अवसर पर युवा ब्राह्मण चेतना मंच के जिला अध्यक्ष सर्व विश्व हिंदू परिषद धर्म प्रसाद जिला प्रमुख अरुण पुरोहित में मनुष्य जीवन में आंवला अमृत है उसके सेवन पर प्रकाश डाला। आंवला के नित्य उपयोग करने से शरीर निरोग रहता है पाचन क्रिया मजबूत होती है कब्ज की शिकायत नहीं मिलती आंवला में भरपूर कैल्शियम होने से वह शरीर की हड्डी को मजबूत करता है जोड़ों का दर्द नहीं होता । आज के दिन वाला वृक्ष के नीचे भोजन प्रसाद ग्रहण करने से शरीर निरोगी रहता है।

## बाल श्रम उन्मूलन को लेकर नुक्कड़ नाटक का मंचन

**दैनिक खोज खबर/दिघवारा।** स्थानीय प्रखंड के विभिन्न चौक चौराहों पर शनिवार को श्रम संसाधन विभाग के तत्वाधान में बाल श्रम अपराध ,बाल श्रम उन्मूलन को लेकर नुक्कड़ नाटक के माध्यम से प्रचार अभियान चलाया गया। वैशाली कला जत्था के कलाकारों के द्वारा शानदार अभिनय के माध्यम से जन जागरूकता को लेकर विभिन्न प्रेरणा दायक नुक्कड़ नाटक का मंचन किया इस दौरान कलाकारों ने श्रम संसाधन विभाग द्वारा श्रमिको के कल्याण हेतु चलाए जा रहे विभिन्न श्रमिक कल्याणकारी योजना के संदर्भ में भी जानकारी साझा किए । कार्यक्रम का नेतृत्व प्रखंड श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी प्रियंका कुमारी ने की वही इस दरम्यान सैकड़ों लोग भी मौजूद रहे। श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी दिघवारा ने बताया कि श्रम विभाग द्वारा यह जन जागरूकता कार्यक्रम आगे भी जारी रहेगा।




## पुलिस ने छापेमारी अभियान में भारी मात्रा में महुआ फास किया नष्ट



**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** मशरक नगर पंचायत के बड़ी मुसहर टोली गांव में थाना पुलिस ने अवैध शराब को लेकर छापेमारी अभियान चलाया। छापेमारी अभियान में एएलटीएफ प्रभारी छविनाथ यादव और सुशील कुमार सिंह दल बल के साथ शामिल रहें। मामले में थानाध्यक्ष अजय कुमार ने बताया कि वह अवैध शराब को लेकर छापेमारी अभियान चलाया गया जिसमें बड़ी मात्रा में महुआ फास और शराब बनाने के उपकरण नष्ट किया गया। उन्होंने कहा कि अवैध शराब निर्माण, बिक्री और भंडारण गैरकानूनी है जिसको लेकर छापेमारी अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने आम लोगों से अपील किया कि पुलिस का सहयोग करें किसी भी तरह की अवैध गतिविधियों की सूचना उन्हें दें, सूचना देने वाले की पहचान गोपनीय रखी जाएंगी।

## आईजी डॉ.जयप्रकाश सिंह सिंह के दिवंगत पिता शालिग्राम सिंह की श्रद्धांजलि सभा में शामिल हुए गणमान्य

**दैनिक खोज खबर एकमा (सारण)।** बिहार के सारण जिले के मांझी प्रखंड के टेघरा गांव निवासी व हिमाचल प्रदेश में शिमला के आईजी (पुलिस) डॉ जय प्रकाश सिंह के दिवंगत पिता स्वर्गीय शालिग्राम सिंह का श्राद्ध-कर्म शनिवार को उनके पैतृक गांव टेघरा में परंपरागत व धार्मिक रीति-रिवाज से सम्पन्न हुआ। इस अवसर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए शांति पाठ, ब्रह्म भोज व श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया। इस अवसर पर सारण प्रमण्डल सहित लखनऊ, कोलकाता, पटना व दिल्ली से आये अनेक पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों व गणमान्य व्यक्तियों ने स्वर्गीय शालिग्राम सिंह के तैल चित्र पर श्रद्धा-सुमन अर्पित कर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की।श्रद्धांजलि देने वालों में कई गणमान्य शामिल रहे।श्रद्धांजलि सभा में श्रद्धा सुमन अर्पित करने वालों में सारण के पुलिस अधीक्षक डॉ कुमार आशीष, सारण के सांसद राजीव प्रताप रूड़ी, महाराजगंज के सांसद जनार्दन सिंह सिग्रीवाल, छपरा सदर के विधायक डॉ सी एन गुप्ता, पूर्व मंत्री गौतम सिंह, पूर्व विधायक रणधीर सिंह, पूर्व सांसद प्रतिनिधि अजय सिंह, पूर्व विधायक मनोरंजन सिंह धूमल, पूर्व एमएलसी मनोज सिंह, भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य मनोज कुमार सिंह, राष्ट्रीय एथलीट विकास कुमार सिंह राठौर, डॉ राजीव कुमार सिंह, डॉ किरण सिंह, डॉ अमित कुमार तिवारी, रामप्रकाश सिंह, गुड्डू सिंह, सुप्रीम कोर्ट के अधिवक्ता अभिनव सिंह, कवि व साहित्यकार राजनाथ सिंह राकेश, सत्येंद्र सिंह, रणवीर सिंह, जेपी सेनानी डॉ रामजी तिवारी, राजद नेता सुधांशु रंजन, समाजसेवी जीतेन्द्र सिंह, छपरा नगर निगम के मेयर लक्ष्मी नारायण गुप्ता आदि के अलावा सैकड़ों स्थानीय लोग इस श्रद्धांजलि सभा में शामिल हुए। उल्लेखनीय है कि लगभग 85 वर्ष की आयु में शालिग्राम सिंह का देहान्त बीते दिनों हो गया था। उनकी छवि एक ईमानदार, संघर्षशील व समाजसेवी शख्स की रही है।



## रसूलपुर के दिवाकर को मिला विद्या वाचस्पति पीएचडी उपाधि

**दैनिक खोज खबर/रसूलपुर(एकमा)।** स्थानीय रसूलपुर चट्टी के रहने वाले व डीयू के प्राध्यापक दिवाकर दूबे को पीएचडी की उपाधी मिलने पर गांव में खुशी की लहर है।

इन्दिरा गांधी राष्ट्रीय जनजातीय विश्वविद्यालय अमरकंटक मध्यप्रदेश के पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग में शोध छात्र दूबे को विद्या वाचस्पति (पीएचडी) की उपाधि दी गई है।दिवाकर ने आईजीएनटीयू के पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग मे प्रोफेसर डॉक्टर मनीषा शर्मा के निर्देशन में, भारतीय रेलवे की संचार रणनीति का विश्लेषणात्मक अध्ययनः (ट्वीटर के विशेष संदर्भ में) विषय में शोध कार्य पूर्ण किया है। मूल रूप से बिहार के सारण जिले के रसूलपुर के रहने वाले दिवाकर शुरू से संघर्षशील रहे, दुबे अपने उपलब्धि का श्रेय कुलगुरु श्री प्रकाशमणि त्रिपाठी,शोध निदेशक प्रो मनीषा शर्मा और अपने विभागाध्यक्ष प्रो राघवेंद्र मिश्रा समेत अन्य गुरुजनों को देते है उन्हें डॉक्टर बनाने का सपना उनके पिता मृत्यंजय दुबे जी ने देखा था जब वो डॉक्टर बन गए है तो इसका श्रेय उनके पिता को जाता है वैसे दुबे का मन समाज सेवा में काफी लगा रहता है और इसका ज्ञान उन्हें अपने बाबा और तब के समाजवादी नेता सूर्य दुबे (पड़ा) जो समाजवाद के संथापक लोगों में से एक थे उनसे ये प्रेरणा मिली इस उपलब्धि पर गांव के सभी लोगों में काफी उल्लास है एवं लोगों ने इस उपलब्धी पर उन्हें बधाई दी है।



(दिवाकर दूबे)

इनका शोध कार्य रेलवे के संचार रणनीति में ट्विटर के द्वारा निभाए जा रहे भूमिका पर है, दुबे बताते है कि दुनिया जहां ट्विटर को मनोरंजन के लिए उपयोग कर रही हैं उसी समय रेलवे इसे रियल टाइम समस्या समाधान के लिए उपयोग कर रहा है, आमजन से जुड़े हर मंत्रालय के पॉलिसी में इस तरह के उपकरण के उपयोग की बात करते है।

## थानाध्यक्ष ने मेला समिति के सदस्यों एवं जनप्रतिनिधियों के साथ की बैठक

**दैनिक खोज खबर/पानापुर(सारण)।** रविवार की शाम थानाध्यक्ष विश्वमोहन राम सारंगपुर डाकबंगला परिसर में मेला समिति के सदस्यों एवं पंचायत प्रतिनिधियों के साथ बैठक की थानाध्यक्ष ने कार्तिक पूर्णिमा के पावन अवसर पर सारंगपुर डाकबंगला घाट पर लगनेवाले मेले के दौरान विधि व्यवस्था सुदृढ़ बनाये रखने के उद्देश्य से चर्चा की उन्होंने कहा कि मेला को शांतिपूर्ण संपन्न कराने के लिए मेला समिति के सदस्यों एवं जनप्रतिनिधियों का सहयोग अपेक्षित है . मालूम हो कि कार्तिक पूर्णिमा की पूर्व संध्या से लगनेवाले 24 घंटे के इस मेले में हजारों लोग पहुँचते है एवं कार्तिक पूर्णिमा को गंडक में स्नान कर दानपुण्य करते है बैठक में मुखिया प्रतिनिधि ललन महतो ,माले नेता सभापति राय ,अनिल मल्होत्रा ,मनोज प्रसाद ,सुभाष प्रसाद ,अनिल कुमार शर्मा सहित मेला समिति के अन्य सदस्य शामिल थे ।

## छत के उपर रखें गये पुआल और जलावन में लगीं आग

**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** मशरक के हसापीर गांव में रविवार को मकान के उपर छत पर रखें पुआल और जलावन में आग लग गई। आग ने देखते ही देखते विकाराल रूप में धारण कर लिया। आग के विकराल रूप को देखते हुए परिजनों के द्वारा हल्ला मचाने पर ग्रामीणों ने कड़ी मशक्कत से आग पर काबू पाया। आग कैसे लगी पता नहीं चल पाया। लेकिन आग ने पुआल और जलावन को जलाकर राख कर दिया।



# राष्ट्रीय स्कूल गेम्स को बिहार हैंडबाल टीम में मैरवा के पांच खिलाड़ी

**दैनिक खोज खबर/मैरवा (सिवान)।** प्रखंड के छह खिलाड़ी स्कूल गेम फेडरेशन आफ इंडिया के राष्ट्रीय प्रतियोगिता के हैंडबाल चैंपियनशिप के लिए बिहार टीम में चयनित हुए हैं। इनमें एक बालक और पांच बालिका शामिल हैं। राष्ट्रीय अंडर 14 बालक व बालिका हैंडबाल चैंपियनशिप स्कूल गेम फेडरेशन आफ इंडिया द्वारा छत्तीसगढ़ में 25 नवंबर से 30 नवंबर तक आयोजित है। इस चैंपियनशिप के लिए बिहार टीम में शामिल मैरवा के सभी पांच खिलाड़ी रानी लक्ष्मीबाई स्पोर्ट्स एकेडमी के आवासीय प्रशिक्षु हैं। रानी लक्ष्मीबाई स्पोर्ट्स एकेडमी के निदेशक संजय पाठक ने बताया कि बिहार राज्य खेल प्राधिकरण एवं खेल विभाग बिहार सरकार द्वारा दरभंगा में अक्टूबर में आयोजित राज्य स्तरीय अंतरजिला स्कूली हैंडबाल प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों का चयन बिहार टीम में किया गया है। चयनित सभी खिलाड़ी बेगूसराय में आयोजित 15 दिवसीय प्रशिक्षण शिविर में भाग लेने के लिए रवाना हो गए हैं। वहीं बिहार बालिका टीम के कोच इसी एकेडमी की खिलाड़ी सुमन कुमारी को बनाया गया है। चयनित खिलाड़ियों में आदर्श मध्य विद्यालय मैरवा के मनोज कुमार राम, हरिराम पब्लिक स्कूल मैरवा की अर्चना कुमारी, उत्क्रमित मध्य विद्यालय लक्ष्मीपुर की ज्योति कुमारी, नीतू कुमारी, अंजनी कुमारी और उत्क्रमित मध्य विद्यालय अटवां की प्रिया कुमारी शामिल हैं।



## हथियार का भय दिखा ठेकेदार से नकद, मोबाइल व बाइक की लूट

**परवेज अख्तर/सिवान।** गुठनी थाना क्षेत्र के गुठनी-दरौली मुख्य मार्ग पर खिड़ौली-बौड़ी गांव के बीच शनिवार की रात बाइक सवार तीन बदमाशों ने हथियार का भय दिखा एक ठेकेदार से बाइक, मोबाइल व सात हजार रुपये लूट लिए। इस मामले में पीड़ित दरौली थाना क्षेत्र के उकरेड़ा निवासी शिवनारायण दुबे के पुत्र प्रशांत कुमार ने रविवार को अज्ञात बदमाशों के विरुद्ध थाना में आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की है। आवेदन मिलने के बाद पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।पीड़ित प्रशांत कुमार ने बताया कि वह शनिवार की रात करीब 11 बजे अपनी बाइक से गुठनी से अपने घर उकरेड़ा लौट रहे थे। इस दौरान गुठनी-दरौली मुख्य मार्ग पर खिड़ौली व बौड़ी गांव के बीच बाइक पर सवार तीन बदमाश घेर लिए तथा हथियार का भय दिखा जान से मारने की धमकी देने लगे। इस दौरान बदमाशों ने बाइक की चाबी, मोबाइल और मेरे जेब में रखे सात हजार रुपये लेकर पिस्तौल का भय दिखाते हुए फरार हो गए। इसके बाद गांव में पहुंचे एक व्यक्ति से मोबाइल लेकर घटना की जानकारी अपने स्वजन तथा डायल 112 को दी। इस मौके पर डायल 112 की पुलिस पहुंची और घटना की जानकारी ली। पीड़ित युवक ने ईमेल के जरिये पुलिस के वरीय अधिकारियों को भी इस घटना की जानकारी दी है। थानाध्यक्ष विकास कुमार सिंह ने बताया आवेदन मिला है। अज्ञात के विरुद्ध प्राथमिकी कर अनुसंधान शुरू कर दिया गया है।

## मेधावी बच्चों के बीच पुरस्कार का वितरण

**दैनिक खोज खबर/महाराजगंज (सिवान)।** अनुमंडल मुख्यालय स्थित गोरख सिंह कालेज परिसर में रुट केयर फाउंडेशन के तत्वाधान में रविवार को स्कालरशिप टेस्ट एंड फेलिसीएशन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसका उद्घाटन विजिलेंस के डीएसपी अरुणोदय पांडेय, कोआपरेटिव के अध्यक्ष मनोज सिंह, मुकेश पांडेय, एसडीओ अनिल कुमार, एसडीपीओ राकेश कुमार रंजन, प्रो. डा. अभय कुमार सिंह, आरसीएफ के फाउंडर डा. मंजेश पांडेय, डा. सोनिया चौहान ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस अवसर पर उन्होंने ने कहा कि रुट केयर फाउंडेशन मेधावी बच्चों के मेधा के आकलन का मंच है। ऐसे आयोजन से बच्चों में प्रतियोगी परीक्षाओं के प्रति रुचि बढ़ेगी। आरसीएफ राष्ट्रीय स्तर का मंच हो गया गया है। इसके स्कालरशिप में भाग लेने वाले बच्चे भी राष्ट्रीय स्तर तक जाएंगे। उन्होंने कहा कि शिक्षा हासिल करने वाले का कोई सपना या मंजिल अधूरी नहीं रहती है। शिक्षा समृद्ध राज्य व समाज निर्माण करता है। उन्होंने कहा कि व्यक्तिगत रूप से हमें अपना कार्य तो करना ही चाहिए, लेकिन समाज के लिए जीने वाले को इंसान को अमरत्व प्राप्त होता है। कार्यक्रम का संचालन मनोज भावुक ने किया। रुट केयर फाउंडेशन के स्कालरशिप टेस्ट परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन करने वाले बच्चों को निदेशक प्रो. डा. अभय कुमार सिंह ने मेडल व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। फाउंडर डा. मंजेश पांडेय ने कहा कि बेहतर प्रदर्शन करने वाले मेधावी बच्चों के आगे की शिक्षा दीक्षा के बारे में संस्था गंभीरता से विचार करेगी।

## भीमराव आंबेडकर व भगवान बुद्ध की प्रतिमा का अनावरण

**दैनिक खोज खबर/आंदर (सिवान)।** प्रखंड के तियांय गांव में रविवार को बाबा साहब डा. भीमराव आंबेडकर व भगवान बुद्ध की नवनिर्मित प्रतिमा का अनावरण किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मुख्य अतिथि दिल्ली यूनिवर्सिटी के प्रो.डा.लक्ष्मण यादव, प्रो.डा.हारुण शैलेंद्र ने की तथा मंच संचालन गणेश राम उर्फ ज्ञान रत्न ने किया। कार्यक्रम की शुरुआत बाबा साहब डा. भीमराव आंबेडकर व भगवान गौतम बुद्ध की प्रतिमा पर बारी- बारी से माल्यार्पण कर किया गया तथा उनके विचारों को आत्मसात करने पर बल दिया गया। इस कार्यक्रम में विभिन्न गांवों के युवक झांकियां के साथ कार्यक्रम में शामिल हुए। समारोह को संबोधित करते हुए प्रो.डा.लक्ष्मण यादव ने कहा कि बाबा साहब आंबेडकर व भगवान बुद्ध के विचार से ही समाज में जाति भेदभाव खत्म कर समरसता, भाइचारा, आपसी प्रेम पैदा किया जा सकता है। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि अर्चक संघ के अध्यक्ष प्रो.डा.अरुण कुमार गुप्ता के अलावा विधायक सत्यदेव राम, राजद नेता परमात्मा राम, प्रो.वीरेंद्र प्रसाद यादव, भाजपा महादलित प्रकोष्ठ के जिला संयोजक मनोज कुमार राम, ललन यादव, मंजिता कौर, सौरभ कुमार, मुन्ना गुप्ता समेत काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## सीताराम महायज्ञ में मंडप प्रवेश, वेदी पूजन व अरणी मंथन का आयोजन

**दैनिक खोज खबर/सिवान।** दरौली प्रखंड के नेपुरा गांव में सीताराम महायज्ञ के दूसरे दिन रविवार को मंडप प्रवेश, वेदी पूजन और सायं काल में अरणी मंथन कर अग्नि देव का प्राकट्य किया गया। उसके बाद हवन का शुभारंभ कर किया गया। यज्ञ के आचार्य नीरज शास्त्री ने बताया कि प्रथम दिन केवल कलश यात्रा और पंचांग पूजन किया जाता है और दूसरे दिन मंडप प्रवेश, समस्त देवी-देवताओं का आवाहन, स्थापना व पूजन किया जाता है। इसीलिए रविवार को वेदी पर सभी देवी-देवताओ का आवाहन, स्थापना और पूजन कराया गया। वहीं सायंकाल में अरणी मंथन द्वारा भगवान अग्नि देव का प्राकट्य होने के बाद हवन कार्य शुरू कर दिया गया। उन्होंने बताया कि यज्ञ के चार अंग पूजन, हवन, भोज और लीला बताया जाता है। वहीं आज से चारों कार्यक्रम शुरू हो गया है। अब यज्ञ मंडप की परिक्रमा भी शुरू हो जाएगी। यहां प्रतिदिन प्रातः बेला में पूजन, पाठ, जप इत्यादि और सायं बेला में हवन कराया जाएगा। साथ ही वृंदावन से पधारे रासबिहारी द्वारा दिन में रामलीला और रात्रि में कृष्णलीला का मंचन किया जा रहा है। संध्या पांच बजे से आचार्य रविप्रकाश द्वारा रामकथा किया जा रहा है।

### हथियार व गोली के साथ बदमाश गिरफ्तार, जेल

परवेज अख्तर/सिवान। आंदर थाना की पुलिस ने शनिवार की रात जमनपुरा गांव में छापेमारी कर हथियार के साथ एक बदमाश को गिरफ्तार कर लिया तथा कार्रवाई के बाद रविवार को जेल भेज दिया। गिरफ्तार बदमाश की पहचान थाना क्षेत्र के हैबतपुर निवासी विवेक पाल के रूप में हुई है।थानाध्यक्ष पप्पन कुमार व पीएसआइ विकास कुमार ने सिवान उत्पाद विभाग की टीम ने शराब पकड़ने के लिए छापेमारी की थी। इस दौरान वह भागने लगा। उत्पाद विभाग द्वारा इसकी सूचना दी गई। तभी दलबल के साथ छापेमारी कर जमनपुरा गांव से उसे गिरफ्तार कर लिया गया। जांच के दौरान उसके पास से एक देशी कट्टा व दो गोली बरामद की गई है।



## ग्वालियर बरौनी ट्रेन से शराब बरामद, दो गिरफ्तार

**परवेज अख्तर/सिवान।** ट्रेन नंबर 11123 ग्वालियर बरौनी एक्सप्रेस ट्रेन से रविवार को आरपीएफ ने शराब के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार कर लिया। मामले में आरपीएफ इंस्पेक्टर राजेश कुमार सिन्हा ने बताया कि ट्रेन नंबर 11123 ग्वालियर- बरौनी एक्सप्रेस ट्रेन में चेकिंग के दौरान जीआरपी मैरवा द्वारा मैरवा-जीरादेई के मध्य उक्त ट्रेन में दो तस्करों को शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। जब्त शराब व दोनों तस्करों को अग्रिम कार्रवाई हेतु जीआरपी को सुपुर्द कर दिया गया। गिरफ्तार दारौंदा थाना क्षेत्र के दारौंदा पिपरा निवासी भोला कुमार यादव व थाना क्षेत्र के करसौत वार्ड नंबर दो निवासी रजत कुमार है। इनके पास से 96 बोतल शराब बरामद हुई।

## छठ के बाद जंक्शन पर वापसी करने वाले के लिए चलाई गई पूजा स्पेशल ट्रेन

दैनिक खोज खबर/सिवान। महापर्व छठ संपन्न होने के बाद दूसरे राज्यों में रहकर अपनी जीविका चलाने वाले लोग का रविवार को भी वापसी का सिलसिला जारी रहा। इस कारण जंक्शन पर दिल्ली, कोलकाता और मुंबई की तरफ जाने वाली ट्रेनों में भीड़ देखने को मिली। वहीं रेलवे यात्रियों की भीड़ को देखते हुए छपरा-नई दिल्ली अनारक्षित पूजा स्पेशल ट्रेन का परिचालन किया है। वाराणसी मंडल के जनसंपर्क अधिकारी अशोक कुमार ने बताया कि त्योहारों के अवसर पर यात्रियों के सुविधाजनक आवागमन के लिए कई पूजा स्पेशल ट्रेनों का परिचालन किया जा रहा है। इसी कड़ी में छठ पर्व बाद नई दिल्ली जाने वाले यात्रियों की सुविधा के लिए एक जोड़ी अतिरिक्त अनारक्षित पूजा स्पेशल ट्रेन का परिचालन किया जाएगा। बताया कि गाड़ी संख्या 05011 छपरा-नई दिल्ली अनारक्षित पूजा स्पेशल रविवार को छपरा से 14.15 बजे खुलकर सिवान, देवरिया सदर, गोरखपुर, खलीलाबाद, बस्ती, गोंडा, लखनऊ, कानपुर, गाजियाबाद पर रुकते हुए नई दिल्ली पहुंची। वहीं वापसी यात्रा में 05012 नई दिल्ली-छपरा अनारक्षित पूजा स्पेशल गाड़ी नई दिल्ली से सोमवार को 10.30 खुलकर गाजियाबाद, कानपुर, लखनऊ, गोंडा, बस्ती, खलीलाबाद, गोरखपुर, देवरिया सदर, सिवान स्टेशनों पर रुकते हुए छपरा पहुंचेगी।



### अलर्ट रहे आरपीएफ सहित अन्य पदाधिकारी

**दैनिक खोज खबर/सिवान।** आरपीएफ इंस्पेक्टर राजेश कुमार सिन्हा, उप निरीक्षक संजय कुमार पांडेय, स्टेशन अधीक्षक मुकेश कुमार सिंह, वाणिज्य अधीक्षक विशाल कुमार सिंह, टीआई सहित अन्य पदाधिकारी अलर्ट थे और अपनी टीम के साथ प्लेटफार्म का गश्त कर रहे थे। यात्रियों की भीड़ को देखते हुए हर जगहों पर जवानों की तैनाती की गई थी। आरपीएफ व टीटीई द्वारा हेल्प डेस्क भी बनाया गया है।

## सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन

**दैनिक खोज खबर/सिवान।** दरौली प्रखंड के तियर गांव में छठपूजा के अवसर पर शनिवार की रात गांव के कलाकारों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान गांव के युवाओं ने सामाजिक नाटक प्रस्तुत कर समाज की कुरीतियों पर प्रहार किया तथा इससे दूर रहने के लिए लोगों को सीख दी। इस दौरान कलाकारों द्वारा बीच-बीच में गीत, नृत्य, प्रहसन आदि प्रस्तुत कर दर्शकों का खूब मनोरंजन किया। इस मौके पर काफी संख्या में ग्रामीण कार्यक्रम का आनंद उठा रहे थे। देर रात तक दर्शकों की भीड़ उमड़ी रही। कार्यक्रम को सफल बनाने में सोनू पांडेय, मनोज कुमार, साधु पांडेय, राजू पांडेय आदि का सहयोग सराहनीय रहा।

**महाराजगंज के 12 पंचायत में होगा पैक्स चुनावः महाराजगंज (सिवान)।** महाराजगंज प्रखंड के 16 पंचायत में से 12 पंचायत में पैक्स चुनाव होगा। साथ ही नगर पंचायत में भी पैक्स चुनाव कराया जाएगा। इस संबंध में बीडीओ बिंदु कुमार ने बताया कि बलउ, बलिया, देवरिया, हजपुरवा, माधोपुर, सिकटिया, पटेढ़ा, सारंगपुर, तक्कीपुर, टेघड़ा, तेवथा, शिवदह पंचायत में चुनाव कराया जाएगा। वहीं पोखरा, रिसौरा, जिगरहवां, कसदेवरा पंचायत में चुनाव नहीं होगा। वहीं नगर पंचायत में भी चुनाव कराया जा रहा है। बीडीओ ने बताया कि जिन पंचायतों में चुनाव हो रहा है वहां मतदान केंद्रों का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए जा रहे हैं।

### धान काटने के दौरान मारपीट महिला घायल

**सिवान।** जीरादेई थाना क्षेत्र के करहनु गांव में धन काटने को लेकर मारपीट हो गई। इसमें पुनिता देवी घायल हो गईं। घायल पुनीता देवी ने बताया कि मेरा घर यूपी के भाटपार रानी में है। मैं अपने मायके आई हूं। रविवार की सुबह गांव के ही कुछ लोगों ने हम लोगों के खेत में लगी धान की फसल काटनी शुरू कर दी। हमलोगों ने विरोध किया तो सभी एकजुट होकर मारपीट करने लगे। इसमें मैं गंभीर रूप से घायल हो गई। स्वजनों ने मुझे इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया जहां मेरा इलाज किया गया।

### मारपीट मामले में दो घायल

सिवान। नगर थाना क्षेत्र के दखिन टोला में रविवार की देर शाम बच्चों के विवाद में मारपीट हो गई। उसमें दो युवक घायल हो गए। घायलों को इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया गया। जहां उनका इलाज चल रहा है। घायलों की पहचान उक्त मोहल्ला निवासी धीरज कुमार व अजय कुमार के रूप में हुई। धीरज ने बताया कि मेरा बच्चा घर के आगे खेल रहा था। तभी पड़ोसी ने बच्चा को मार दिया। इससे वह घायल हो गया। जब मैं पूछने गया तो मेरी पिटाई कर दी।

## बड़हरिया : साल लगने को, दोहरे हत्याकांड का नहीं हो सका पर्दाफाश

**परवेज अख्तर/सिवान।** बड़हरिया थाना क्षेत्र के बाबू हाता गांव समीप 27 दिसंबर 2023 की देर रात बदमाशों ने गोपालगंज के मांझागढ़ थाना के सिपहा खास गांव निवासी शैलेश कुमार शर्मा उर्फ अनीश और इसी गांव की निकहत परवीन की गोली मारकर हत्या कर और दोनों के शव को सड़क किनारे फेंक दिया था। पुलिस को करीब 11 माह बाद भी दोहरे हत्याकांड मामले में कोई ठोस सुराग हाथ नहीं लगा है। हत्या को सुलझाने में पुलिस के समक्ष बड़ी चुनौती बनी है। आज तक दोहरे हत्याकांड मामले में पुलिस के हाथ खाली हैं। इसका खुलासा नहीं होने से स्वजनों में काफी आक्रोश है। वहीं इस हत्या में स्थानीय लोगों में कई तरह के चर्च है। पुलिस की मानें तो हत्याकांड में मृतक के किसी अपने का ही हाथ है। हालांकि उसके खिलाफ कोई सबूत नहीं मिला है। जिसे उनकी गिरफ्तारी नहीं हो पा रही है। बता दें कि इस दोहरे हत्याकांड का खुलासा करने के लिए जिला पुलिस गोपालगंज पुलिस से भी सहयोग लिया था। तब पर भी खुलासा नहीं हुआ।

## बाइक की टक्कर से किशोर घायल, रेफर

**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** मशरक के चरिहारा पुल के पास अनियंत्रित बाइक सवार ने पैदल जा रहें किशोर को टक्कर मार दी। घायल चरिहारा गांव निवासी जितेंद्र मांझी का 14 वर्षीय पुत्र सचिन कुमार हैं। ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार कर बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल छपरा रेफर कर दिया। घायल के परिजनों ने बताया कि वह घर से दुकान जा रहा था कि अनियंत्रित बाइक सवार ने टक्कर मार दी जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गया।

## धान की फसल नुकसान करने के विवाद में मारपीट में घायल

**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** मशरक के सुंदर गांव में ट्रैक्टर से धान की फसल नुकसान को लेकर हुए विवाद में मारपीट में एक शख्स घायल हो गया। घायल का इलाज सीएचसी मशरक में हुआ और थाना पुलिस को आवेदन दिया गया। घायल सुंदर गांव निवासी दिनेश राय पिता स्व ढेला राय हैं घायल ने बताया कि ट्रैक्टर से धान की थोड़ी सी फसल नुकसान हो गयी उसी के विवाद को लेकर राजेश राय समेत अन्य ने मारपीट कर घायल कर दिया।

## महावीर चौक पर कार और पिक अप की टक्कर, कोई हताहत नहीं

**दैनिक खोज मशरक (सारण)।** मशरक के महावीर चौक पर कार और पिक अप की टक्कर हो गई जिसमें कार मामूली रूप से क्षतिग्रस्त हो गया वहीं कार सवार बाल बाल बच गए। घटना के बारे में बताया गया कि कार गोपालगंज की तरफ जा रही थी और पिक अप छपरा की तरफ जा रहा था कि महावीर चौक पर सड़क जाम की वजह से दोनों में टक्कर हो गई। हालांकि घटना में जान माल की हानि नहीं हुई।

## बंदर के आतंक से मचा हड़कंप, आधा दर्जन को किया जख्मी

**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** मशरक के अलग-अलग गांवों में बंदर के आतंक से हड़कंप मचा हुआ है। वहीं बंदर के हमलें से आधा दर्जन लोगों को जख्मी हालत में इलाज के लिए सीएचसी मशरक में भर्ती कराया गया। जख्मी में पदुमपुर गांव की आरवी कुमारी 8 वर्ष ,पिता रवि कुमार सिंह, रिंकी कुमारी, मनोरमा कुमारी, प्रभावती देवी, अभिषेक कुमार,अंश कुमार, अल्का कुमारी? और तख्त टोला गांव निवासी राजेश कुमार शामिल हैं। सभी का इलाज सीएचसी मशरक में चिकित्सक ने किया और सभी को एंटी रैबिज इंजेक्शन दिया गया। वहीं बन विभाग के रेंजर प्रवीण कुमार गुप्ता से बात होने पर सिपाही राहुल कुमार को पिंजरे की व्यवस्था करने की आदेश दिया और पकड़कर दूसरी जगह छोड़ने का आदेश दिया।

## श्री विष्णु महायज्ञ सह गणेश जी के प्राण प्रतिष्ठा को लेकर निकाली गयी कलश यात्रा

### प्रतिदिन दोपहर मे रामलीला जबकि सांध्यकालीन रासलीला का होगा आयोजन



**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** पहलेजाघाट स्थित रामजानकी मंदिर के संत श्री श्री 108 श्री श्याम सुन्दर मुनी जी महाराज उर्फ फलहारी बाबा के सौजन्य से श्री विष्णु महायज्ञ सह गणेश जी प्राण प्रतिष्ठा होने जा रहा है। उक्त बातों की जानकारी देते हुए फलाहारी बाबा ने रविवार को बताया कि सर्व नदी में गंगा देवन में भगवान, छंद में गीता सम धर्म में दया समान के उदाहरण देते हुए उन्होंने कहाँ कि रविवार को सुबह 7 बजे से कलश यात्रा निकाली गयी। जिसमे भारी संख्या मे श्रद्धालु कलश लेकर मंदिर यज्ञ मंडप से चलकर गाजे बाजे के साथ निचली सड़क के रास्ते खरिका चौक होते हुए बरबीघवा होते हुए कोल्ड स्टोर होते हुए सैदपुर से कसमर आरथ होते हुए क्षेत्र भर्मण कर दक्षिण वाहनी गंगा स्थल पहुँच कर विधि विधान के साथ वैदिक मंत्रोच्चारण कर गंगा पूजन कर जलभरी कर पुनः यज्ञ स्थल पर श्रद्धालु गाजे बाजे के साथ पहुँचे।

## घर पर हमला करने के मामले में प्राथमिकी

**सिवान।** भगवानपुर हाट थाना क्षेत्र के भगवानपुर गांव के मिथिलेश्वर प्रसाद ने शनिवार को थाना में आवेदन देकर अपने पड़ोसी के खिलाफ हथियार के साथ घर पर हमला करने का आरोप लगा प्राथमिकी कराई है। इस मामले में गांव के ही रमण कुमार, राकेश कुमार उपाध्याय, सारीपट्टी निवासी कुंदन सिंह उर्फ विक्की सिंह सहित छह लोगों को आरोपित किया है। उन्होंने आरोपितों पर महिलाओं को घर से निकाल पिटाई करने की धमकी देने का भी आरोप लगाया है। थानाध्यक्ष सुजीत कुमार चौधरी ने बताया कि प्राथमिकी कर मामले की जांच की जा रही है।

## विधायक ने किया 84 लाख की लागत से बनने वाली सड़क का शिलान्यास

**परवेज अख्तर/सिवान।** गोरेयाकोठी प्रखंड के सैदपुरा के करीब सरारी उत्तर टोला की 1.60 किलोमीटर बनने वाली सड़क का शिलान्यास स्थानीय विधायक देवेशकांत सिंह ने रविवार को किया। इस दौरान सैदपुरा में आयोजित कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ग्रामीण पथ अनुरक्षण शीर्ष योजना के तहत बनने वाली सड़क के निर्माण में करीब 84 लाख रुपये खर्च किए जाएंगे। विधायक ने कहा कि वे जात-पात की राजनीति से परे हटकर केवल क्षेत्र के विकास की बात सोचते हैं जिससे हर वर्ग लाभांवित होता है। क्षेत्र के विकास का उनका यह सिलसिला जारी रहेगा। विधायक ने कहा कि कई ऐसी जर्जर सड़कें अभी बननी हैं जो तकनीकी अड़चनों के कारण रुकी हुई हैं। क्षेत्र की सभी सड़कों का कायाकल्प होगा। इसका मूल कारण है कि बिना बेहतर सड़कों के क्षेत्र का सर्वांगीण विकास नहीं हो सकता। विधायक ने लोगों को क्षेत्र में कराए जा रहे विकास कार्यों के बारे में भी बताया और अपनी आगे की योजनाओं के बारे में भी समझाया। इस मौके पर प्रमोद कुमार तिवारी, पूर्व मुखिया शंकर तिवारी, कुबेर प्रसाद आदि मौजूद थे।

## अपराध की योजना बनाते हथियार के साथ बदमाश गिरफ्तार

**परवेज अख्तर/सिवान।** जीरादेई थाना क्षेत्र के सोना नदी के किनारे से स्थानीय पुलिस ने अपराध की योजना बनाते एक बदमाश को गिरफ्तार कर लिया तथा उसके विरुद्ध कार्रवाई करते हुए रविवार को जेल भेज दिया। गिरफ्तार बदमाश की पहचान थाना क्षेत्र के मुकुंदपुर निवासी अरविंद ठाकुर के रूप में हुई है। थानाध्यक्ष सोनी कुमारी ने बताया कि गिरफ्तार युवक के पास से एक पिस्टल, एक लोडेड मैगजीन, छह गोली बरामद की गई है। उन्होंने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि एक युवक हथियार के साथ अपराध की योजना बना रहा है। पुलिस ने गुप्त तरीके से घेराबंदी कर उसे हथियार के साथ गिरफ्तार कर लिया तथा उसके विरुद्ध कार्रवाई करते हुए जेल भेज दिया।